## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** साई तिरुपति विवि में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया और संस्थान में कार्यरत महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । महिलाओ ने डिजिटल गेम्स के माध्यम से अपने कौशल का परिचय दिया और मेहंदी, रंगोली कुकिंग प्रतियोगिताओ में हिस्सा लेकर विभिन्न पुरस्कार जीते और संस्थान में कार्यरत महिला चिकित्सकों ने भी अपने हुनर का परिचय देते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि उप अधीक्षक उदयपुर पुलिस चेतना भाटी रही जिन्होंने महिलाओं को डिजिटल फ्रॉड और उससे रोकथाम सम्बंधित जानकारी पर बताया कि सभी महिलाओं को सोशल मीडिया, डिजिटल बैंक ट्रांसक्शन्स, फ्रॉड कॉल्स, ट्रेसिंग, मोबाइल व डिजिटल शिक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए । इस अवसर पर सीइओ शीतल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि उप अधीक्षक उदयपुर पुलिस चेतना भाटी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आज के युग में हर तबके की महिलाओं के लिए उचित शिक्षा एवं अनुभव की महत्वता बताई और साई तिरुपति विवि द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के बारे में जानकारी दी । समारोह में संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, कुलपति डॉ. प्रशांत नाहर, रजिस्ट्रार डॉ देवेंद्र जैन, पिम्स उमरडा के प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल ने संस्थान के सफलतापूर्वक व सुचारु रूप से संचालन में विवि में कार्यरत समस्त महिला पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के योगदान हेतु आभार प्रकट करते हुए महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा समान अधिकार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

### महिलाओं को वितरित किए जूट के बैग

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत नगर के सब्जी मंडी परिसर में आई महिलाओं को करीब 500 जूट बैग वितरित किए। जिले को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त करने की दिशा में अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत जिलेभर में नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, औद्योगिक संस्थाओं, संगठनों, भामाशाहों, समाजसेवियों के माध्यम से जूट एवं कपडे के 51000 बैग वितरित किए जा रहे हैं। अभियान का असर अब धरातल पर दिखना शुरू हो गया है। अभियान के तहत विधायक माहेश्वरी ने लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पॉलीथिन के उपयोग से न केवल पर्यावरण को हानि पहुंचती है, बल्कि गौ माता के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। विधायक ने सभी से प्लास्टिक को छोड कर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से जूट एवं कपडे के बैग ही उपयोग में लाने की अपील की। विधायक के हाथों बैग मिलने पर लोगों ने भी सरकार का आभार व्यक्त किया। एक्सईएन बाहेती ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पूरे शहर में लगभग 5000 जूट बैग वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि नागरिकों को पॉलीथिन का उपयोग छोडने के लिए प्रेरित किया जा सकें। यह अभियान शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान आयुक्त बृजेश राय, एक्सईएन तरुण कुमार बाहेती, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गिरिराज गर्ग, मुरली भोई, फुलेश खत्री, कैलाश निष्कलंक, हिम्मत मेहता आदि उपस्थित थे।

### स्कूल की समस्याओं से कराया अवगत

**राजसमंद, (निसं)।** गैर सरकारी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने निजी विद्यालयों में आ रही समस्याओं एवं आरटीई भुगतान को लेकर विधायक दीप्ति माहेश्वरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। स्कूल शिक्षा परिवार के जिलाध्यक्ष शांतिलाल कुमावत ने बताया कि सरकार द्वारा आरटीई भुगतान के लिए यूनिट कॉस्ट 100 प्रतिशत गलत भुगतान कर प्रति स्कूल को कम से कम एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान किया जा रहा है। क्योंकि महंगाई हर वर्ष बढ रही है परंतु यूनिट कॉस्ट नहीं बढने से विद्यालयों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा हैं। यूनिट कॉस्ट हर 5 साल में बढानी चाहिए परंतु ऐसा नहीं किया गया है और पुरानी यूनिट कॉस्ट का आदेश निकाल दिया गया। साथ ही उच्च न्यायालय द्वारा एक ऐसे ही मामले में प्री प्राइमरी कक्षाओं के भुगतान के आदेश के बावजूद हमें प्रति विद्यालय को करीब 2 से 3 लाख का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आरटीई के अनुसार सत्र में दो बार पुनर्भरण किया जाना चाहिए परंतु वह भी समय पर नहीं किया जा रहा है। विधायक ने निजी विद्यालयों की समस्या को समझते हुए मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रवीण गुर्जर, बाबुलाल कुमावत, कमलेश पालीवाल, सुरेश पूर्बिया, दिनेश कुमावत, बद्रीलाल कुमावत, नरेश लौहार सहित अन्य मौजूद थे।

### कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा शहर के समीपस्थ कडिया गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायक के सरपंच महेंद्र सिंह चारण, ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष राहुल भटनागर एवं सदस्य ललित जोशी, इस्माइल अली दुर्गा, प्रताप चुंडावत,इंद्रजीतमाथुर, गौरव द्विवेदी तथा जे पी श्रीमाली आदि की मौजूदगी में टीला फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में समस्त मौजूद महिला समुदाय का ग्रीन पीपल समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।अध्यक्ष राहुल भटनागर ने महिला दिवस की उपयोगिता को बताते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु महिलाओं के योगदान के बारे में चर्चा की ,तथा प्रत्येक महिला को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने दायित्व को निभाने के लिए आग्रह किया गया। टीम के अन्य सदस्यों द्वारा पशुपालन, कृषि, मत्स्यकी पालन, तथा अन्य सरकारी योजनाओं से किस प्रकार महिलाओं को जोडकर सशक्त बनाया जा सकता है पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ललित जोशी द्वारा सभी महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर अनुपम महिला क्लब की अध्यक्ष ममता बोहरा बाबा आर्ट गैलरी की ममता जोशी एवं ज्योति घोदावत व रेखा सोडाणी भी उपस्थित रहे एवं महिलाओं के सशक्तिकरण पर समूह बनाकर चर्चा की गई।। इस अवसर पर औषधि निरीक्षक ललित हजारिया ने भी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का महत्व समझाया।

### ब्रह्मस्थली कॉलोनी में फागोत्सव मनाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर ब्रह्म स्थली कॉलोनी स्थित महिला मंडल द्वारा गोपी भजन ठ्ठुप की राजकुमारी प्रजापत और उनकी भजन टीम के साथ मध्यान्ह में सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में सामूहिक फागोत्सव मनाया गया। गोपी भजन ठ्ठुप द्वारा आज बिरज में होरी री रसिया और कान्हा खेलत है होरी, जेसे होली के भजनों पर उपस्थित मातृ शक्ति ने अबिल गुलाल उड़ाते हुए भजनों पर थिरक कर ताल देते हुए मधुर संगीत का समा बांध दिया।

# वॉल सिटी एरिया का भ्रमण कर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता रविवार को सिटी राउण्ड पर निकले। इस दौरान उन्होंने वॉल सिटी एरिया का पैदल भ्रमण कर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर नमित मेहता रविवार सुबह 7.45 बजे से नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, स्मार्ट सिटी के एसीईओ कृष्णपालसिंह चौहान, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, स्मार्ट सिटी एक्सईएन दिनेश पंचौरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ रंगनिवास पुलिस चौकी पहुंचे। वहां से उन्होंने पैदल भ्रमण प्रारंभ किया। महालक्ष्मी मंदिर होते हुए जगदीश चौक, सिटी पैलेस रोड, लालघाट, गणगौर घाट, दाई जी की

- **हेरिटेज स्थलों पर लगे निजी बैनर, पोस्टर हटवाने के निर्देश दिए**

पुलिया से मांझी मंदिर, अंबराई घाट, चांदपोल पुलिया, नई पुलिया, हाथी पोल से घंटाघर तक आए। इस दौरान जिला कलक्टर ने मार्ग में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से कराए गए सीवरेज, बिजली, पेयजल संबंधी कार्यों, पार्किंग सुविधाओं, हेरिटेज विकास कार्यों आदि का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हेरिटेज स्थलों पर कई जगह निजी पोस्टर-पेम्पलेटस् चस्पा किए हुए पाए गए। वहीं कई जगह सड़क को क्रोस करते हुए बैनर टंगे हुए थे। इस पर जिला कलक्टर ने कहा कि इस प्रकार से पोस्टर-बैनर शहर की सुंदरता तथा हेरिटेज स्थलों की महत्ता को कलुषित करते हैं।

उन्होंने ऐसे भी पोस्टर-बैनर तत्काल प्रभाव से हटवाने के निर्देश दिए।दाई जी की पुलिया से चांदपोल पुलिया तक पहुंचने के दौरान संस्कृत विद्यालय छोर पर झील के घाट पर गंदगी देखकर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताई। नई पुलिया के समीप झील में भी गंदगी नजर आई।

इस पर उन्होंने नगर निगम के सफाई निरीक्षक को इसकी तत्काल सफाई कराने, नई पुलिया के पास बने कचरा संग्रहण स्थल को साफ कराकर उसे कवर कराने के भी निर्देश दिए। वॉल सिटी भ्रमण के दौरान जिला कलक्टर नमित मेहता जगदीश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में दर्शन किए। साथ ही मंदिर की स्थापत्य कला को भी निहारा। जिला कलक्टर ने मांझी मंदिर में भी दर्शन कर मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी ली। मांझी मंदिर के पार्श्व में स्थित घाट और उद्यान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने देवस्थान विभाग के माध्यम से इसकी सार संभाल कराने को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर घंटा घर को देखकर भी काफी प्रभावित हुए। घंटा घर की स्तम्भों और दीवारों पर पोस्टर-बैनर लगे देखकर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा कि इतना महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल हैं, उसे अच्छा और सुंदर बनाए रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को घंटा घर की सफाई व रंगरोगन कराने के निर्देश दिए। घंटा घर पुलिस थाने के सामने तारों का जंजाल देखकर जिला कलक्टर ने उन्हें भी हटवाने के निर्देश दिए।



स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण करते जिला कलक्टर नमित मेहता व अन्य।

# होली मिलन व फाग उत्सव मनाया

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान का होली मिलन समारोह एवं फाग उत्सव अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन भवन में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के.के. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य मैं संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल , आर पी गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता , शशिकांत खेतान,चंचल कुमार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल महिला सम्मेलन अध्यक्ष सुशीला गुप्ता,युवा सम्मेलन अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल उपस्थित थे। प्रारंभ में प्रसिद्ध फाग गायक योगेश सैनी एवं पंडित कन्हैयालाल ने गणेश वंदना एवं बालाजी के भजन से कार्यक्रम प्रारंभ किया। उन्होंने अपने भजनों की श्रृंखला में फाग और होली के ठाकुर जी के भजनों को इस अंदाज में प्रस्तुत किया की सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में उदयपुर जिला अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से होली के गीतों पर एक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी जिसकी सभी ने बहुत ही सराहना की। इस अवसर पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष स्वच्छता अभियान के राजस्थान भाजपा के संयोजक के. के. गुप्ता को न्यायालय द्वारा न्याय मित्र मनोनीत कर उदयपुर शहर एवं उदयपुर जिले में स्वच्छता अभियान को लागू करने पर उनका स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत केके गुप्ता ने सभी समाज बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए कहां की उनके लिए कोई भी काम असंभव नहीं है।

स्वच्छता अभियान उनका एक मिशन है जो प्रधानमंत्री द्वारा प्रेषित है उन्होंने कहा कि उन्होंने बांसवाडा में मात्र 10 दिनों में बिगडी व्यवस्था को सुधारने में सफलता हासिल की । यह नाम उनके काम के ऊपर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के लिए उन्होंने महिला शक्ति से आग्रह किया है कि वह सिर्फ अपने घर का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग निकालकर केवल गाडी में डालते हैं। अगर गाडी आपके द्वार पर नहीं आती है। तो अब से आने लगेगी समय पर आने लगेगी और 365 दिन आने लगेगी बाकी की सब बातें उन पर छोड दें। उन्होंने कहा कि मैं सिस्टम को बदल कर रहूंगा और स्वच्छ उदयपुर को बनाने की हम सब की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज संगठित नहीं होने से हमें हर जगह मात खानी पडती है देश की आर्थिक दूरी को प्रभावित करने वाला यह समाज केवल एकजुट नहीं होने से अलग-अलग पडा हुआ है हमारी समस्याएं कोई सुनने वाला नहीं जहां जाओ वहां पर पैसा चाहिए तब काम हो सकता है ऐसी स्थिति में हमें एकजुट होकर राजनीति में सक्रिय होने की आवश्यकता है। । जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि समारोह में कार्यक्रम संयोजक रविंद्र अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सुरेश मित्तल, श्यामसुंदर गोयल कैलाश अग्रवाल, घनश्याम मंगल सुशील मेडतिया भजनलाल गोयल ज्ञानेश्वर अग्रवाल संदीप गोयल रमेश तायलिया, युवा सम्मेलन के संरक्षक डा. नवनीत अग्रवाल गजेंद्र अग्रवाल नितेश महिला सम्मेलन की उपाध्यक्ष अंजना मित्तल, महामंत्री नीतू गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सुधा अग्रवाल सपना गुप्ता, रितु अग्रवाल भगवती देवी अग्रवाल आशा अग्रवाल संगीता अग्रवाल दीपिका अग्रवाल सहित बडी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### बैठक आयोजित

**राजसमंद, (निसं)।** राज माली सेवा संस्थान राजसमंद की प्रबंधकारिणी बैठक जिला संस्थान कार्यालय पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने बताया कि बैठक में अतिमहत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्व सहमति से निर्णय पारित हुए तथा 29 दिसंबर 2024 को जिला संस्थान के तत्वाधान में मेवाड स्तरीय प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की समीक्षा कर आय-व्यय पर प्रकाश डाला। जिला कोषाध्यक्ष सीए राजेंद्र माली ने वार्षिक आय-व्यय का विवरण बताकर वार्षिक बैलेंस शीट पेश की गई जिस पर प्रबंधकारिणी द्वारा सर्व सहमति से आय-व्यय विवरण पर अनुमोदन किया गया तथा जिला संस्थान की भूमि परिसर में कार्यालय भवन निर्माण का कार्य के लिए ठेकेदार भेरूलाल सुथार धायला को मैटेरियल व लेबर सहित जो टर्म एंड कंडीशन के तहत टेंडर दिया गया एवं कार्यालय भवन निर्माण कार्य 20 मार्च को शुभ मुहूर्त में शुरू किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष लालूराम माली ने समाज के नवीन भामाशाह को आगे आने के लिए आव्हान किया गया।

### कैलाश निष्कलंक बने अध्यक्ष

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के 100 फीट रोड पर बजरंग चौराहा स्थित बालाजी महाराज सेवा समिति के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें कैलाश निष्कलंक अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए। समिति के चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुए जिसमें प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 114 मतदाताओं में से कुल 110 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद शाम 4 बजे मतगणना की गई।

# लेकसिटी में तीन दिन तक छाएगा नववर्ष का उल्लास

**उदयपुर, (कासं)।** विक्रम संवत 2082 के स्वागत में इस बार नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय आयोजनों की धूम रहेगी। 28 से 30 मार्च तक होने वाले इन आयोजनों की तैयारियां पोस्टर विमोचन के साथ वृहद स्तर पर आरंभ कर दी गईं। समिति के संयोजक परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि समारोह की तैयारियों के अंतर्गत शनिवार सायं विद्या निकेतन सेक्टर-4 में बडी बैठक का आयोजन किया गयाए जिसमें सर्व समाज के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।बैठक में बडीसादडी के गोपाल पुरुषोत्तम आश्रम के पीठाधीश सुदर्शनाचार्य महाराज ने भारतीय काल गणना का महत्व बताते हुए इसे विश्व की सबसे प्राचीन और सटीक गणना बताया। उन्होंने कहा कि इस पर हमें गर्व होना चाहिए। सनातन संस्कृति में नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात एकम से शुरू होता है। इसी आधार पर सभी पर्व और त्यौहार मनाए जाते हैं।

## सार-समाचार

### महिला दिवस पर शोभायात्रा निकाली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एक तरफ शिक्षण संस्थाओं में गोष्ठी, प्रतियोगिताएं हुई वहीं विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी की महिलाओं ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख आशीष उपाध्याय ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुगार्वाहिनी ने महिला दिवस पर केसरिया साडी और केसरिया साफा पहन कर भारत माता की जय शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा पृथ्वी क्लब में शुरू हुई। विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय सह मंत्री और भारत माता मंदिर के रामस्वरूप महाराज, स्वामी विवेकानंद, शिक्षाविद चंद्रिका शर्मा, जिलाध्यक्ष मोहन पटेल, जिला मंत्री अरुण जोशी, मातृशक्ति जिला संयोजिका जयश्री सोनी के नेतृत्व में भारत माता की जयकार और वंदे मातरम के उद्घोष लगाते हुए माता बहिनें शहर के चंद्रपॉल गेट, पीपली चौक, गणपति मंदिर, देगली माता, भोईवाडा, पाला रोड, नमस्ते सर्किल, मोहन कॉलोनी, राती तलाई होते हुए भारत माता मंदिर पहुंची। विहिप के केंद्रीय सह मंत्री रामस्वरूप महाराज ने कहा कि आदिशक्ति को इस संसार की सृजन शक्ति माना जाता है। ऐसी शक्ति जो सारे संसार को जोडती है, पूरी सृष्टि को संचालित और नियंत्रित करती है। ऐसी नारी शक्ति के सम्मान से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। भारतीय संस्कृति में नारी को दिया गया उच्च स्थान हमारे लिए एक आदर्श है। यह हमे सिखाते है कि समाज की प्रगति के लिए नारी का सम्मान और उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### कनेक्टिविटी रोड का निरीक्षण किया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने रविवार को उदयपुर में बन रही एलिवेटेड रोड और हरिदास जी की मगरी में ट्राइडेंट होटल के पास में कनेक्टिविटी के लिए बन रही 150 फीट रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिछला रिंग रोड का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन रविवार सुबह नगर निगम के अधिकारियों और निवर्तमान समिति अध्यक्ष को पार्षदों के साथ एलिवेटेड रोड का निरीक्षण करने पहुंचे। उदियापोल से सिटी स्टेशन रोड की ओर नटराज होटल के सामने एलिवेटेड रोड का काम चल रहा है,जहां पर शहर विधायक ताराचंद जैन में मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एलिवेटेड के लिए जो पिलर बना रहे हैं वह सडक के सेंटर में बने ताकि दोनों तरफ बराबर रास्ता रह सके। इस दौरान वहां पर मौजूद निर्माण करने वाली एजेंसी के अधिकारियों ने शहर विधायक को एलिवेटेड रोड को लेकर पूरी जानकारी दी की एलिवेटेड के लिए जो पिलर बना रहे हैं वह कितने चौडे होंगे और उनकी हाइट क्या होगी। यहां पर नगर निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मुकेश पुजारी, अधिशासी अभियंता अखिल गोयल,सहायक अभियंता सुनील प्रजापत और कनिष्ठ अभियंता प्रतिभा शर्मा मौजूद थे। एलिवेटेड रोड का निरीक्षण करने के बाद उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन हरिदास जी की मंगरी में होटल ट्राइडेंट के पास बन रही समोर बाग तक जोडने वाली रोड का भी निरीक्षण किया। होटल ट्राइडेंट के पास में यूडीए ने 150 फीट लंबी और 40 फीट चौडी जमीन का अधिग्रहण कर यहां पर सडक बनाई जा रही है।

### परिंडे वितरित किए

**उदयपुर, (कासं)।** ग्रीष्मकाल में पक्षियों के जल संकट को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन, उदयपुर के कम्युनिटी हॉल में डिस्ट्रिक्ट मेंबर्स हिमांशु शर्मा, राजश्री वर्मा एवं अन्य सदस्यों ने पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किए और सभी से पक्षियों को जल उपलब्ध कराने की अपील की। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता को बढावा देना है।

# 'कार्यकर्ता व जनता को टरकाने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे'

- **मेवल मंडल की बैठक में सलूंबर विकास अधिकारी के खिलाफ फूटा आक्रोश**

**उदयपुर, (कासं)।** भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वाभिमान और सम्मान सर्वोपरि है । कार्यकर्ताओं से ही संगठन जीवंत है । भाजपा कार्यकर्ता जो वादा जनता से करके आता है उसे पूरा करने की जिम्मेदारी सत्ता और संगठन की है और वे पूरी जिम्मेदारी से आश्वत करते है कि जो वादा कार्यकर्ता जनता से करेगा वह पूरा करेंगे। उक्त विचार भाजपा उदयपुर देहात के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार गिंगला - मेवल मंडल में आगमन पर संगठन की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। जिलाध्यक्ष पुष्कर ने कहा कि जनता एजनहित कार्यों हेतु कार्यकर्ताओं को जो अधिकारी,कर्मचारी टरकाते,अटकाते, भटकाते ओर लटकाते है ऐसे कर्मचारी अधिकारी बक्शे नहीं जाएंगे ।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की डबल इंजन की सरकार में सलूंबर विधानसभा और सलूंबर जिले में पहले और दूसरे बजट में सबसे ज्यादा कार्य स्वीकृत हुए है । आगे भी मेवल मंडल समेत विधानसभा के सभी मंडलों में विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं छोडी जाएगी। जिलाध्यक्ष तेली ने कहा लोकसभा,विधानसभा चुनावों के बाद अब पंचायती राज चुनावो में मेवल क्षेत्र के हर बूथ से कमल खिलाने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं की है । मेवल क्षेत्र में नई पंचायत समिति के गठन भजन लाल सरकार यहां की जनता और कार्यकर्ताओ की भावना के अनुरूप अवश्य करेगी लेकिन उस पंचायत समिति में भाजपा का प्रधान बैठे और बोर्ड भाजपा का बने इस संकल्प को लेकर कार्यकर्ता अभी से जुट जाए ।

सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा ने कहा कि विधायक अमृत लाल मीणा ने सलूंबर में विकास के नए आयाम स्थापित किए । और सलूंबर के हर गांव के विकास का रोड मैप तैयार किया उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की जवाबदेही उनके कंधों पर है और वे सलूंबर के विकास के लिए हर प्रयास करेगी । पूर्व प्रदेश मंत्री कन्हैया लाल मीणा ने कहा की पंचायती राज पुनर्गठन के माध्यम से सरकार की मंशा है कि पंचायतों का जनसांख्यिकीएभौगोलिक आधार पर सुसंगत गठन हो जन जन को ग्राम सुराज के पीएम मोदी के संकल्प का लाभ पहुंचे इसलिए जन हित में कार्यकर्ता इस पवित्र संकल्प को पूरा करने के लिए अपने सुझाव संगठन के जरिए सरकार को दे ।

# विश्व महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पेसिफिक कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.विनीता बाघेला ने महिला स्वास्थ्य से जुडे महत्वपूर्ण विषय पीसीओडी (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिसऑर्डर) एवं पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) पर महिलाओ को जागरूक किया।

इस अवसर पर डॉ.विनीता बाघेला ने छात्राओं को पीसीओडीएवं पीसीओएस के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह समस्या आजकल युवतियों एवं महिलाओं में तेजी से बढ़ रही है, जिसका प्रमुख कारण अनियमित जीवनशैली, असंतुलित आहार और मानसिक तनाव है। उन्होंने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी।सेमीनार में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमेन राहुल अग्रवाल और सीईओ शरद कोठारी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। फिजियोथैरेपी कॉलेज के डीन डॉ.जफर खान ने सेमीनार में महिलाओं की सामाजिक और चिकित्सा क्षेत्र में भागीदारी पर अपने विचार साझा किए। सेमीनार का उद्देश्य महिला स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना और छात्राओं को महिला संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर डॉ. विनोदिनी वहराडे, डॉ. हिना शर्मा, डॉ. नीता शाही, डॉ. शिप्रा दाधीच, डॉ. राजरानी शर्मा, डॉ. दीपक लोहार, डॉ. फारुक मोहम्मद, डॉ. आदिल राजा अंसारी, डॉ. सोनम सोनी, डॉ. रेणुका पाल, डॉ. दीपिका, डॉ. विवेक मेनारिया, डॉ. शुभम मेनारिया और डॉ. प्रेक्षा जैन सहित संस्थान के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एआई व भारतीय ज्ञान परंपरा एक-दूसरे के पूरक : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ एवं भावनगर, गुजरात के नंदकुंवरबा महिला आर्ट्स कॉलेज व जेके सरवैया कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एआई की उत्कृष्टता द्वारा स्थिरता हेतु बहुविषयक शोध को प्रोत्साहन विषय पर अंतराष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि एआई और भारतीय ज्ञान परंपरा कई स्थानों पर एक-दूसरे के पूरक हैं।

- **एआई की उत्कृष्टता द्वारा स्थिरता हेतु बहु विषयक शोध को प्रोत्साहन विषय पर सेमिनार**

उन्होंने कहा कि भारत की प्रथम शिक्षा नीति के प्रमुख निर्माता डॉ. डी.एस. कोठारी उदयपुर से थे, और उन्होंने जो शिक्षा नीति प्रस्तावित की थी, उसके कई पहलू आज की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी परिलक्षित होते हैं। यदि वे सुधार पहले लागू हो गए होते, तो आज भारत को विश्वगुरु बनने के लिए संघर्ष नहीं करना पडता उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को गंगा नदी के प्रवाह के समान बताया, जिसमें ऋग्वेद को गौमुख, उपनिषदों को देवप्रयाग और वेदांत को अंतिम स्वरूप बताया। यह सिद्ध करता है कि भारतीय संस्कृति सतत परिष्करण की प्रक्रिया से गुजरती आई है। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो. प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बहुविषयक सहयोग अनिवार्य हो गया है। डॉ. रविंद्र सिंह सरवैया ने सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों के निष्कर्ष साझा करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से ही भविष्य में स्थिरता की ओर बढा जा सकता है। इस अवसर पर रिद्धि त्रिवेदी, डॉ. नम्रता सोलंकी, तन्वी सोलंकी, युवराज उपाध्याय और प्रिन्सिबा गोहिल को बेस्ट पेपर अवार्ड से सम्मानित किया । सेमिनार के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. समकित शाह ने स्वागत उद्बोधन दिया और मेनेजिंग ट्रस्टी भरत सिंह गोहिल का सान्निध्य प्राप्त हुआ। सेमिनार का संचालन प्रिन्सिबा गोहिल एवं आभार समन्वयक डॉ. नम्रता सोलंकी ने व्यक्त किया। आयोजन में प्रो. एकता भालिया, प्रो. केयूर शाह, अंकिताबेन पटेल, प्रो. पूनम, प्रो. अल्पेशसिंह, प्रो. जितेंद्र भट्ट, डॉ. सत्यकी भट्ट, प्रो. दृष्टिबेन, प्रो. हेमिशबेन, प्रो. दीपक मकवाना, प्रो. श्रद्धाबेन मकवाना, निजी सचिव के.के. कुमावत, डॉ. चंद्रेश कुमार छ्तलानी, विकास डांगी सहित अनेक शिक्षाविद् एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।



अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत।

### घायल बुजुर्ग महिला की मौत

**डूंगरपुर।** सदर थाना अन्तर्गत खेरवाड़ा मार्ग पर एक स्कूटी से टक्कर होने पर घायल महिला की इलाज के दौरान उदयपुर में रविवार प्रातः मृत्यु हो गयी। जिसका पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। सदर थाना के सहायक उप निरिक्षक पोपट लबाना ने बताया कि मझोला निवासी काली पत्नि हीरालाल कोटेड शनिवार को नरेगा कार्य से छुट्टी के बाद घर को जा रही थी कि तेज गति से आ रहे स्कूटी सवार ने महिला को सड़क पार करते समय चपेट में ले लिया।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाष नं.-0294-2421255, 2420113, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट- www.udaipurmc.org
क्रमांकः- राजस्व/24-25/593 दिनांकः- 7/3/2025

**आपत्ति आमन्त्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि "नगर निगम विवाह स्थल पंजीयन उप नियम 2010" (अधिनियम 2009 संख्या 18) धारा 340 के तहत नगर निगम क्षेत्र में संचालित विवाह स्थल के संचालकों द्वारा उप नियम के तहत विवाह स्थल का पंजीयन किये जाने हेतु नगर निगम में आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त विवाह स्थल पंजीयन के संबंध में किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्तियां मय दस्तावेजों के सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में आवश्यक रूप से कार्यालय दिवस में समय पर पेश करें। समयावधि में प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई के पश्चात् पंजीयन कार्यवाही की जायेगी। समय पर आपत्तियां प्राप्त नहीं होने पर उन आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वाटिका का नाम | हिल गार्डन रिसोर्ट |
| 2 | आवेदन कर्ता का नाम | जबिन इकराम कुरेशी एवं इकराम रशीद कुरेशी |
| 3 | विवाह स्थल (वाटिका) | बड़ी, बड़गांव |
| 4 | क्षेत्रफल (वर्ग फीट) | 22869.89 |

रजिस्ट्रेशन आवेदन निरस्त करने का अधिकार नगर निगम, उदयपुर में निहित रहेगा। **आयुक्त, नगर निगम उदयपुर**



(प्रपत्र संख्या-7 )( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2024/78

चूंकि प्रार्थी श्री भंवर लाल महेश्वरी, भांवर लाल महेश्वरी माधव लाल महेश्वरी बोहर कुई मार्ग भिंडर उदयपुर 313603राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास संत श्री रामस्वरूप चेरिटेबल स्ट्रस्ट भिडंर उदयपुर राजस्थान के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है। अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक05.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 13.05.2025

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, उदयपुर**

